हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

13 शहर में बिना वैध अनुमति के चल रहे खटाल इधर गोकुल...



14 जिपं अध्यक्ष तारणी ने राशन दुकान का शुभारंभ किया





## दीपावली पर शांति और सुरक्षा के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, शांति से पर्व मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दीपावली त्यौंहार के अवसर पर नगर मे सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बालोद पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देश पर एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया।

नगर में मार्च की शुरुआत यातायात कार्यालय से हुई, जो सदर रोड, बुधवारी बाजार, टिकरापारा, नयापारा, योगी चौक, मधु चौक होते हुए जय स्तंभ चौक पर समाप्त हुई। इसके बाद पुलिस पेट्रोलिंग वाहन में सवार होकर पुलिस कमऍ शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचे और लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से दीपोत्सव मनाने की अपील की। एसडीओपी देवांश

### नियमों के अनुसार ही जलेंगे फटाखे, उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई





सिंह राठौर ने बताया कि दीपावली के दौरान न्यायालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार ही फटाखे जलाने होंगे। किसी भी व्यक्ति के ऊपर फटाखे फेंकना, जोर–जबरदस्ती करना या किसी को परेशान करना दंडनीय अपराध माना जाएगा। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। त्यौहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए थानों में अतिरिक्त पेट्रोलिंग वाहन तैनात किए गए हैं। पुलिस लगातार शहर के प्रमुख चौक–चौराहों और बाजार क्षेत्रें में गश्त कर रही है। इस फ्लैग मार्च में बालोद टीआई शिशुपाल सिन्हा, यातायात प्रभारी रविशंकर पांडेय और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी–कर्मचारी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### वाहन की ठोकर से बाइक सवार अधेड गंभीर, मामला दर्ज

**डौंडी।** बाईक सवार अधेड को पिकअप नंबर सी जी 07 बी पी 8411 ने ठोकर मार दी। जिससे बाईक सवार के सिर एवं जबड़े पर गंभीर चोट आई है, घायल को दो डौंडी पुलिस ने तत्काल शासकीय अस्पताल पहुंचाकर उपचार करवाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना डौंडी नगर के मुख्य मार्ग मथाई चौक पर शाम 6:30 घटित हुई है। पिकअप में 15 महिला पुरुष बच्चे भी लोग सवार थे। घायल का नाम भीराराम है जो कि बस्तर के पर्रेकोड़ो का रहने वाला है तथा कच्चे माइंस में कार्य करता है। वही पिकअप गुदुम मरनी कार्य में आया था। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### पुराने लेनदेन को लेकर युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** मोटरसाइकिल के माध्यम से अपने काम से लौटकर अपने घर जा रहे व्यक्ति को पुराने लेनदेन की बात को लेकर गांव के ही व्यक्ति ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति द्वारा मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम धरमी थाना गुण्डरदेही निवासी दुर्गेश यादव ने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर के रात्रि करीबन 08.30 बजे धरमी पुल के पास हमारे गांव के अमित देशमुख बैठा हुआ था, मै उसी समय काम करके ग्राम चंदखुरी राईस मिल से मोटरसाइकिल से आ रहा था, जो मुझे देखकर पुराने पैसों की लेनदेन की बात को लेकर मुझे गाली गलौज करने लगा, मै अपने मोटरसाइकिल को रोककर उतरा तो मुझे हांथ मुक्का से मारपीट करने लगा। मारपीट करने से मुझे दोनों हांथ पैर, नाक एवं पुरे शरीर में मारपीट करने से दर्द हो रहा है।

### शराब पार्टी में हत्या तीन पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** चार दोस्त आपस में शराब की पार्टी कर रहे थे। एक युवक की सिगरेट लाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि तीन युवकों ने मिलकर पत्थर पटकर युवक की हत्या कर मौके से फरार हो गए। शनिवार सुबह युवक का शव खून से सना मिला। मिली जानकारी के मुताबिक मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त शिवपारा दुर्ग निवासी अनिल यादव के रूप में किया। मृतक अनिल यादव की दो बेटियां हैं। अनिल शुक्रवार की रात 11 बजे घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। पत्नी करवा चौथ व्रत होने के कारण देर रात तक उसका इंतजार कर रही थी। मृतक अनिल ई-रिक्शा चलाने और पुताई का काम करता था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला तब घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु किया। मौके से पुलिस को एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हालत में मिली है। मौके पर जांच के लिए फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गई। मृतक के शरीर पर पर विभिन्न जगहो पर चोट के निशान भी मिले है। घटने का खुलासा पुलिस रविवार को करेगी। हत्याकांड में तीन आरोपी शामिल है।

### मानसून वापसी का सिस्टम बना, तीन दिनों तक फिर होगी बारिश

भिलाई। मानसून की वापसी का दौर शुरू हो गया है लेकिन यह जाते-जाते भी भारी बारिश का सिस्टम बना रहा। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले तीन दिनों तक यानी 14 अक्टूबर तक बारिश चलेगी। 12 अक्टूबर रविवार को भी भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

### पहल : बीएसपी प्रबंधन और राजहरा परिवहन संघ की बैठक में बनी लिखित सहमति

## सांसद नाग के आश्वासन पर स्थगित हुआ परिवहन संघ का अनिश्चितकालीन धरना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ द्वारा माइस ऑफिस के समीप 28 अगस्त से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना अब स्थगित कर दिया गया है। कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग के आश्वासन और बीएसपी प्रबंधन के साथ हुई सकारात्मक बैठक के बाद संघ की कार्यकारिणी ने 11 अक्टूबर से धरना स्थगित किया गया।

राजहरा परिवहन संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तुली ने बताया कि संघ का प्रतिनिधिमंडल 9 अक्टूबर को सांसद भोजराज नाग से उनके अंतागढ़ निवास में मिला। इस दौरान सांसद ने आगामी शीतकालीन संसद सत्र के दौरान केंद्रीय इस्पात व खान मंत्री तथा संबंधित सचिवों से मुलाकात कर मांगों के समुचित निराकरण हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।संघ को सांसद द्वारा दिए गए। इस आश्वासन पर पूर्ण विश्वास है। इसी विश्वास और सकारात्मक रुख को देखते हुए कार्यकारिणी ने अनिश्चितकालीन धरना स्थगित करने का निर्णय लिया है।

■ राजहरा परिवहन संघ का 28 अगस्त से चल रहा था अनिश्चितकालीन धरना

संघ की प्रमुख मांग थी कि बीएसपी/आईओसी की खदानों से निकलने वाले लौह अयस्क का दल्लीराजहरा से भिलाई इस्पात संयंत्र तक तथा हितकसा में निर्माणाधीन पैलेट प्लांट से निर्मित पैलेट का आनुपातिक परिवहन कार्य स्थानीय परिवहनकर्ताओं को दिया जाए। इस संबंध में 9 अक्टूबर को बीएसपी लौह अयस्क समूह के मुख्य महाप्रबंधक सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में यह सहमति बनी कि भविष्य में खदानों के उत्पादन में वृद्धि होने पर, भिलाई इस्पात संयंत्र को आपूर्ति के पश्चात अतिरिक्त लौह अयस्क को खुले बाजार में बेचे जाने की स्थिति में रेल/रोड के माध्यम से परिवहन कार्य की अनुशंसा की जाएगी।बैठक में मुख्य महाप्रबंधक आर. बी. गहरवार, विपिन कुमार, एस. आर. बास्की, आनंद कुमार, राजेश कुमार पांडे, नगर पालिका दल्लीराजहरा से तोरण लाल साहू, मनोज पिंटू दुबे, तथा राजहरा परिवहन संघ से नरेंद्र सिंह तुली, परविंदर सिंह छतवाल, इंद्रजीत सिंह तुली, अनिल सुथार, जगजीत सिंह मरवाहा, अशोक लोहिया उपस्थित रहे।

नरेंद्र सिंह तुली ने कहा कि अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर नगर पालिका, व्यापारी संघ, चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई, अनाज किराना व्यापारी संघ सहित नगर के गणमान्य नागरिकों व मीडिया प्रतिनिधियों ने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर हमारा मनोबल बढ़ाया। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी साथ बनाए रखने की अपील की।

## बिजली मीटर से छेड़छाड़ दो आरोपी पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बिजली मीटर से छेड़छाड़ कर वास्तविक बिजली खपत को प्रभावित करने वाले दो व्यक्तियो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने अलग अलग धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

■ मीटर में गड़बड़ी कर कंपनी को लाखों की हानि पहुंचाई

कनिष्ठ अभियंता (वित0 केन्द्र) छ.स्टे. पॉ.डिस्ट्री. कं.लिमि. गुरूर दुष्यंत कुमार पोया ने पुलिस को बताया कि ग्राम पेंवरो निवासी होमप्रकाश साहू द्वारा गुरुर उपसंभाग अंतर्गत छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं. लिमि वितरण केन्द्र गुरूर में स्पॉट बिलिंग का कार्य विगत 09 वर्ष से किया जा रहा हैं। माह जून 2024 को विभाग की सतर्कता दल के द्वारा ग्राम धनोरा एवं खैरवाही में कई उपभोक्ताओ के परिसर में लगे घरेलू विद्युत मीटर का जांच किया गया। जिसमें पाया गया कि 06 नग मीटर में छेड़छाड़ करके वास्तविक विद्युत खपत को प्रभावित किया गया हैं, अथवा पूर्ण रुप से बंद कर दिया गया हैं। जिससे विद्युत कंपनी को स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में दर्ज भार की गणना के अनुसार राशि रु0 525115.00 की आर्थिक क्षति हुई हैं। जिन उपभोक्ता के यहाँ कार्यवाही हुई है। उनसे पुछताछ के दौरान एक उपभोक्ता पवन कुमार ने बताया कि मीटर में छेड़खानी मीटर रीडर होमप्रकाश साहू के द्वारा धनराशि लेकर किया गया हैं। इससे यह प्रतित हो रहा है, कि इनके द्वारा कई उपभोक्ताओं के मीटर में छेडखानी कर विद्युत का अवैध रुप से उपयोग करवाने की संभावना है, सुलभ संदर्भ हेतु उपभोक्ता का बयान संलग्न हैं। इसलिए होमप्रकाश साहू पिता प्रद्युमन लाल साहू ग्राम पेंवरों के खिलाफ विद्युत मीटर से छेड़खानी के आरोप में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के कंडिका (1) क, ख के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाए।

दूसरे मामले में कनिष्ठ अभियंता (वित0 केन्द्र) छ0ग0 स्टे0 पॉ0 डिस्ट्री.कं.लिमि. गुरूर दुष्यंत कुमार पोया ने पुलिस को बताया कि ग्राम धनोरा निवासी लोकेश गंजीर द्वारा पूर्व में गुरुर उपसंभाग अंतर्गत छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. वितरण केन्द्र गुरूर में स्पाट बिलिंग का कार्य लगभग विगत 06 वर्षों तक किया गया। 26 जून 2024 को (संचा0/संघा0) विभाग की जांच दल के द्वारा ग्राम धनोरा के कई उपभोक्ताओ ▶▶|शेष पेज 12 पर

## दो युवकों मारपीट, मामला दर्ज

### पुरानी रंजिश को लेकर दोनों युवकों में विवाद बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो युवको में पुरानी रंजीश को लेकर मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनो ही युवको ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड क्रमांक 14 शहीद चौंक दल्लीराजहरा निवासी जतिन वानखेडे ने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर के दोपहर जैन भवन चौंक मे स्थित चाय दुकान में बैठा था करीब 11.45 बजे जतीन गुप्ता वार्ड क्रमांक 21 शास्त्री नगर राजहरा भी आया और मुझे देखा तो दुर्गा विसर्जन के दौरान हुए विवाद को लेकर मुझे गाली गलौज कर धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और जमीन मे पटक दिये तथा पास मे पडे पत्थर से मारपीट किया, जिससे मेरे दाहिने पीठ में मारा है जिससे काफी दर्द हो रहा है, मारपीट होते देख रूपेश पीपरे छुडाने का प्रयास किये तो जतीन गुप्ता भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 21 शास्त्री नगर दल्लीराजहरा निवासी जतीन गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर के दोपहर जैन भवन चौंक मे स्थित चाय दुकान में अपने साथी साहिद अहमद के साथ बैठा था, करीब 11.45 बजे जतीन शहीद चौंक निवासी भी हम लोगो के पास बैठकर चाय पीने लगा, जतीन द्वारा दुर्गा विसर्जन के दौरान हुए विवाद को लेकर गुस्से मे आकर जतीन द्वारा मुझे गाली गलौज कर धमकी देते हुए चाय दुकान में रखे प्लास्टिक की कुसऍ को उठाकर मारने लगा, तब मैं अपने हाथ से बचाने का प्रयास किया तो मेरे बाये हाथ की कलाई, दो उंगली एवं बाये गाल में चोट आकर खून निकल रहा है, मारपीट करने से मैं वहां से भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सोनकर समाज महिला एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला में सोनकर समाज महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ सोनकर समाज जिला बालोद के अंतर्गत आने वाले नेवारीकला राज मे आगामी प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी बैठक के संबंध मे चर्चा किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के प्रदेश महामंत्री चेतन सोनकर कनिष्ठ उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, उप मंत्री भागवत इंदौरिया सलाहकार, रामेश्वर सोनकर, भगवान दास सोनकर, शिक्षा विकास समिति के अध्यक्ष दाऊलाल इंदौरिया बालोद सोनकर समाज के अध्यक्ष नेतराम सोनकर, लखोली नाका राज अध्यक्ष चुन्नीलाल सोनकर, राहुल सोनकर, संत राम सोनकर सहित स्थानीय राज के अध्यक्ष हेमराज सोनकर तथा समस्त कुल कुटुंबजन उपस्थित थे।

आगामी कार्यकारिणी बैठक की रूपरेखा के संबंध में प्रदेश उपमंत्री भागवत इंदौरिया ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी बैठक नेवारीकला राज्य में प्रस्तावित है, जिसमें पूरे प्रदेश भर के लगभग 3000 से भी अधिक सामाजिक जन जुटेंगे, जिसमें कार्यक्रम के प्रथम दिवस विवाह योग्य युवक युवती का परिचय सम्मेलन, आदर्श विवाह तथा प्रत्येक राज के 3 वरिष्ठ बुजुर्गजन जिन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है का भी होना है। द्वितीय दिवस सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा होगी। प्रदेश सलाहकार तामेश्वर सोनकर ने बताया कि आगामी कार्यकारिणी को हमें किस प्रकार से भव्यता के साथ संपन्न करना है, जिसमें किसकी ▶▶|शेष पेज 12 पर

### बाल संस्कार केन्द्र में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

## रंगोली और थाली-दीया सजाओ हुई स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





आगामी दीपावली पर्व के उपलक्ष्य मे श्री सीताराम बाल संस्कार केन्द्र मोखला मांझी मंदिर प्रांगण मंच बालोद नगर में बाल संस्कार केन्द्र के बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता, थाली, दिया, तोरण सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बाल संस्कार केंद्र की संचालिका विश्व हिंदू परिषद की जिला बाल संस्कार केन्द्र की प्रमुख पूजा जैन द्वारा आयोजित किया गया। पूजा जैन ने बीते वर्ष भी बच्चों में कला कौशल क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया था, बच्चो ने बड़ी उत्साह एवं लगन से भाग लिया और सुबह से रंगोली बनाई, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम रेणुका पटेल जिसने पर्यावण सुरक्षा पर रंगोली बनाई, द्वितीय कान्हा पटेल, तृतीय पीहू पटेल रही। वही थाली दिया सजाओ में प्रथम मुस्कान साहू, द्वितीय आयांश गुप्ता, तृतीय समर्थ नाथ योगी रहे।

तोरण सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम वैभव गुप्ता, द्वितीय नभ गुप्ता, तृतीय प्रयाग साहू रहे। बच्चो को पुरस्कारों का वितरण समाज सेवक अखिलेश शर्मा, वार्ड पार्षद निर्देश पटेल, वार्ड पार्षद रीता सोनी द्वारा किया गया। पार्षद रीता सोनी ने बच्चो के कार्यों की सराहना की एवं आशीष वचन कहे। बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर विहिप उपाध्यक्ष ममता यदु, समाज सेविक उमा यादव ने बच्चो को पेन कलर, पेंसिल, चॉकलेट का वितरण किया। कार्यक्रम में बाल संस्कार केन्द्र की सहायिका नगर पालिका स्कूल की अध्यापिका रानी योगी, विहिप बाल संस्कार केन्द्र प्रमुख पूजा जैन, विहिप उपाध्यक्ष ममता यदु, उमा यादव, कलीन यादव, चमेली दीदी, मनीषा गुप्ता अन्य शामिल रहे।

## पत्नी और साली से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पत्नी के घर चलने कहने के बाद भी पत्नी के मायके से ससुराल नही जाने पर पति ने पत्नी व साली की पिटाई कर दी। जिसके बाद साली ने अपने जीजा के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट करने की शिकायत करते हुए रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वार्ड क्रमांक 24 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड दल्लीराजहरा निवासी भारती ठाकुर ने पुलिस को बताया कि हम लोग तीन बहन है, छोटी बहन योगिता ठाकुर जो गोपी देवांगन के साथ शादी की है, दोनो की एक ढाई वर्ष का बेटा है, योगिता और गोपी के बीच वाद विवाद होने से 09 अक्टूबर को योगिता, गोपी के घर से नाराज होकर अपने बच्चे को लेकर हमारे घर मे रह रही है। 10 अक्टूबर को शाम हमारे घर आकर गोपी देवांगन बच्चे को लेकर गया है, दुसरे दिन 11 अक्टूबर को रात्रि 10 बजे गोपी देवांगन हमारे घर आया और मेरी बहन योगिता को बोला कि बच्चा रो रहा है, बच्चे के खातिर घर चलो, तब योगिता बोली कि बच्चे को मुझे लाकर दे दो, फिर गोपी ने आप घर चलो मैं यहां नहीं लाउंगा बोलने पर योगिता ने गोपी के घर जाने से मना किया, तब हम लोग भी योगिता अभी नहीं जायेगी आप चले जाओ बोलने पर गोपी देवांगन ने हम लोगों को गाली गलौज कर धमकी दी और मुझे धक्का मुक्का से मारपीट किया, जिससे मेरा कपडा फट गया है, मारपीट करने से सिर व दाहिना हाथ में चोंट आया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने महिला को कुचला, मौके पर ही मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**भिलाई।** पुलगांव थाना अंतर्गत ग्राम चंदखुरी में माही ढाबे के पास एक ट्रक ने रिवर्स करते समय महिला को चपेट में ले लिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला ग्राम चंदखुरी निवासी चित्रा बाई (42 वर्ष) बताई गई है। घटना के बाद दुर्ग-बालोद सड़क मार्ग पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे। उन्होंने सड़क को जाम कर दिया। मुआवजे की मांग को लेकर करीब डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पीड़ित के परिजनों लिए तत्काल सहायता के रूप में 5 लाख रुपए की मांग की। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची। प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। मुआवजे के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

पुलिस ने बताया कि घटना रात करीब 8 बजे की है। ट्रक धर्मकांटा से तौल कराने के बाद मुड़ने के लिए रिवर्स ले रहा था। इधर महिला जो कि जिंदल राइस मिल में काम करती थी। कचरा फेंकने के लिए बाहर निकली थी। ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। महिला को जब तक ट्रक के नीचे से बाहर निकाला जाता। उसकी मौत हो गई थी। घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रक में कथित रूप से तोड़फोड़ शुरू कर दी। चालक मौका देख वहां से फरार हो गया। ट्रक में धान लोड था। घटना के बाद से मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### आरएसएस सेलूद मंडल का विजयदशमी उत्सव आज

**सेलूद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेलूद मंडल की ओर से विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन 13 अक्टूबर को रखा गया है। संघ के 100 वर्षों के पूर्ण होने के अवसर पर यह आयोजन विशेष रूप से प्रेरणादायी रहेगा। जिसमें संघ के सेलूद खंड अंतर्गत मंडल स्तरीय आयोजन में सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश (दंड सहित) में शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4-45 बजे बाजार चौक सेलूद में एकत्रीकरण के साथ होगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में संजय शर्मा माननीय संघ चालक (पाटन खण्ड) मुख्य अतिथि आशीष कुमार (सार्जेन्ट) सेवा निवृत्त भारतीय वायु सेना होगे । सेलुद के सभी स्वयंसेवकों से आग्रह किया है कि वे समय पर गणवेश सहित उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं। इस आयोजन में प्रमुख रुप से कालेश्वर शुक्ला , महेश्वर बंछोर, पुष्कर साहू, योगेश सोनवानी और जयंत साहू उपस्थित रहेंगे।

## पेज 11 के शेष...

### बिजली मीटर से ...

के परिसर मे लगे घरेलु विद्युत मीटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 04 नग मीटर में छेड़छाड़ कर मीटर में दर्ज करने वाली वास्तविक विद्युत खपत को प्रभावित किया गया है, अथवा पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया हैं। जिससे विद्युत कंपनी को राजस्व की अर्थिक क्षति हुई हैं। जिन उपभोक्ता के यहां कार्यवाही हुई है, उनसे पुछताछ के दौरान दो उपभोक्ता गिरधर लाल विश्वकर्मा पिता कन्हैया राम विश्वकर्मा एवं दुलेश्वर लाल पटेल पिता सुरेश कुमार पटेल ग्राम धनोरा द्वारा बताया गया कि मीटर में छेड़खानी लोकेश गंजीर के द्वारा धनराशि लेकर किया गया है। इससे प्रतीत हो रहा है कि इनके द्वारा ऐसे कई उपभोक्ताओं के मीटर में छेडछाड कर विद्युत का अवैधानिक रूप से उपयोग करवाने की संभावना है। दोनो ही मामलो मे पुलिस ने धारा 135–1(एं) एलसीसी, 135–1(बी) एलसीसी के तहत अलग अलग प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### सोनकर समाज ...

क्या भूमिका होगी। प्रदेश महामंत्री चेतन सोनकर में समाज के संपूर्ण गतिविधियों को सभा में बताया गया तथा कहा गया कि आज की स्थिति में समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित करके रखना अति आवश्यक है। यह जानकारी सोनकर समाज प्रदेश शिक्षा विकास समिति सदस्य संतराम सोनकर नेवारीकला ने दी।

## श्रीराम जन्मोत्सव, धनुष यज्ञ श्री राम बारात स्वागत का भक्तिमय आयोजन

# अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है विजयादशमी का पर्व : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

ग्राम परसदा (डगंनिया) में रजत जयंती शाही दशहरा का आयोजन किया गया। इस दौरान राम राज युवा संगठन द्वारा भव्य स्वागत प्रदर्शन किया गया। जिसमें लड़कियों ने श्रीराम जन्मोत्सव, धनुष यज्ञ श्री राम बारात स्वागत और विवाह उत्सव का आयोजन किया। रावण के साथ-साथ बुराई के प्रतीक कुंभकरण और मेघनाथ का भी पुतला जलाया गया। रामलीला मंडली के कलाकारों ने राम रावण के बीच संवाद और युद्ध का मंचन किया।

ग्राम परसदा (डगंनिया) में आयोजित दशहरा महोत्सव में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। प्रभु श्रीरामचंद्र की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लेने के बाद विधायक चंद्राकर ने कहा कि यह पर्व हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। सत्य के मार्ग में कितनी भी परेशानियां और कठिनाईयां क्यों न हो, विजय सदा सत्य की होती है। इस अवसर पर अतिथि गण भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूषोत्तम चन्द्राकर, ओटेबंद भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, सरपंच सत्यवती साहू, उपसरपंच हिलेशवर साहू, सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले योगेश साहू, धनश्याम साहू, लिलेश्वर साहू, राहुल शर्मा, उमाशंकर, अज्जू, अनिल, सोमदत्त टंडन, लक्की सिरमौर , सोनल, मेधदत, गुलशन,मिलेश, मनीष, तुषार,मानू चंद्राकर, रामप्रकाश, वरूण, ईश्वर के सहयोग से आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

**परसदा रजत जयंती शाही दशहरा में शामिल हुए विधायक चंद्राकर**




## एआई और पाइथन प्रोग्रामिंग को समझा विद्यार्थियों ने



**कुम्हारी।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कुम्हारी में पाँच दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), और पाइथन प्रोग्रामिंग पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा रायपुर, छत्तीसगढ़ और नायलेट भुवनेश्वर के सहयोग से आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थीयो ने हिस्सा लिया 1 प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार विकसित करना था1 इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण में नायलेट भुवनेश्वर के मास्टर ट्रेनर सहदेव बाग में विद्यार्थीयो को एआई और एमएल की मूल बाते और मूल पदों की जानकारी दी। वहीं इनमें पाइथन का उपयोग करने, ऑन लाइन मार्केटिंग एप और अन्य सर्विस एप बनाने व उपयोग करने की जानकारी दी।

विद्यार्थियो ने इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में मशीन लर्निंग और एल्गोरिदम, मशीन लर्निंग प्रोग्रामिंग, स्क्रिट, लूप और पाइथन प्रोग्रामिंगः, डेटा प्रोसेसिंग और विजुअलाइजेशन, पाइथन में डेटा हैंडलिंग की , हैंड्स-ऑन- प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट्स किये और (पन्द्रस एप्प-3) को मोबाईल सिस्टम पर डाउनलोड करके कुल पैतीस प्रोग्रामिंग को स्वयं करके देखा1 इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य लता रघुकुमार एवं प्रभारी विजया श्रीवास्तव, स्कूल समिति के अध्यक्ष दुबे, एटी एल प्रभारी आशीष श्रीवास्तव और अजय सिंह,

# स्कूली विद्यार्थियों को दी मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी, पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरपोटी दुर्ग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी आर. के. जाम्बुलकर के निर्देशानुसार एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर से साइको सोशल काउंसलर कविता डोरले ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य की समस्या होने के कारण, निराकरण एव बचाव के तरीके के बारे में विस्तार से बताते हुए इसका समाधान भारतीय जीवनशैली ,रहन सहन, खान पान ,व्यायाम , योग एवं ध्यान के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी।

- शाउमा विद्यालय उमरपोटी में हुआ आयोजन



उक्त कार्यक्रम में जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र हब आईसीपीएस, चाइल्ड लाइन व सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी बच्चों के साथ साझा की गई। बच्चों के मन में उठ रहे समस्याओं एवं सवालों का भी समाधान किया गया, बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शाला प्राचार्य कीर्ति प्रधान, स्कूली विद्यार्थी विभागीय कर्मचारी गण विद्यालय के शिक्षकगण, कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) से विनिता गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, लोकमणि साहू सामाजिक कार्यकर्ता आईसीपीएस, कविता डोरले परामर्शदाता सखी वन स्टॉप सेंटर,जेंडर विशेषज्ञ लक्ष्मी कांत यादव, शिल्पी उपाध्याय वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ, श्रद्धा ध्रुव, अँजोरीराम केस वर्कर चाइल्ड लाइन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय के नवमी से बारहवीं तक के कुल 97 छात्र एवं छात्राएं वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# आंखों की जांच में संक्रमित मिले 10 मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी एवं राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर डॉ संगीता भाटिया के मार्गदर्शन में विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री शासकीय हॉस्पिटल सुपेला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- विश्व दृष्टि दिवस पर सिविल हॉस्पिटल सुपेला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बी एन वाहने एवं सिविल अस्पताल सुपेला के प्रभारी डॉ पीयम सिंह के द्वारा 55 मरीजो की नेत्र जांच की गई। जिसमें 18 मरीज रिफ्रैक्टिव एरर के तीन मरीज़ मोतियाबिंद ऑपरेशन के तथा अन्य संक्रमण के 10 मरीज पाए गए जिन्हें आवश्यक जांच एवं उपचार प्रदान किया गया। मोतियाबिंद के लिए चिन्हांकित मरीज को ऑपरेशन के लिए भर्ती किया गया। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ बी एन वाहने ने बताया कि आंखें भगवान की दी हुई अमूल्य धरोहर है इसलिए आंखों की देखभाल और सुरक्षा अतिमहत्वपूर्ण है ,आंखों को सदा स्वस्थ रखने के लिए हमें अपने खान-पान की चीजों में विटामिन ए युक्त एवं आयरन युक्त भोज्य पदार्थों को ग्रहण करना चाहिए तथा आंखों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जिस क्षेत्र में हम काम कर रहे हैं उसे क्षेत्र के हिसाब से आंखों को सुरक्षित करने के उपकरण उपयोग करने चाहिए।

वर्तमान समय में विश्व में बहुत बड़ी संख्या अंधत्व का शिकार है और इसके लिए हमें अधिक से अधिक संख्या में नेत्रदान करने की भी आवश्यकता है। इसके साथ ही मोतियाबिंद प्रकरणों की शीघ्र पहचान कर उनका समय पर ऑपरेशन कराना आवश्यक है तथा ग्लूकोमा व अन्य नेत्र विकारों का समय-समय पर अपने नजदीकी शासकीय अस्पताल जाकर जांच अवश्य कराते रहना चाहिए। वर्तमान समय में बच्चों में मोबाइल, वीडियो गेम, लैपटॉप, टीवी का उपयोग अधिक करने के कारण नेत्र ज्योति क्षीण हो रही है अतः पलको को चाहिए कि बच्चों को आवश्यकता अनुसार टीवी लैपटॉप मोबाइल आदि का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर सिविल हॉस्पिटल सुपेला के नेत्र सहायक अधिकारी योगैया बंडी, ललिता बंजारे और कविता भगत आदि स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।



## गृहभेंट और जागरुकता के प्रयासों से गर्भवती का सुधरा स्वास्थ्य

**अंडा।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा 2025 के दौरान सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में थीम आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शिशु और छोटे बच्चे के स्तनपान (आईवाईसीएफ) थीम के आधार पर प्रथम प्रसव से जन्मे बच्चे की माता एवं परिवार को सतत स्तनपान के उद्देश्यो के आधार पर गृहभेंट के माध्यम से स्तनपान के महत्व पर समझाईश दी जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम भानपुरी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में नियमित गृहभेट और पोषण खजानी के खाने के तरीके की लगातार व प्रभावी समझाइश से नई बहु पुष्पा ठाकुर पति केवल ठाकुर दंपति के यहां 2.700 किलो की बच्ची ने जन्म लिया है। नई बहू होने के कारण पहली गर्भावस्था के दौरान पोषण की बहुत कम जानकारी होने और जागरूकता नहीं होने से गर्भधारण करने के 3 से 5 माह तक लगातार उल्टी होने और खाने में कमी होने से गर्भवती का वजन बढ़ नहीं रहा था और परिवार वाले भी चिंतित थे। तभी कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत होने के कारण विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास-2 दुर्ग की पर्यवेक्षक सोनल सोनी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शशि देवांगन ने लगातार गृहभेट की।

## पारखत अध्यक्ष व बेनीराम उपाध्यक्ष चुने गए

**जामगांव- आर।** परिक्षेत्रीय साहू संघ जामगांव- आर के त्रिवार्षिक चुनाव 2025 का मतदान साहू सदन जामगांव- आर में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें पारखत साहू अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए एवं जैक्सउनके नेतृत्व में गठित पैनल ने बहुमत से विजय प्राप्त की।



उपाध्यक्ष पद पर बेनीराम साहू एवं भानुप्रिया साहू निर्वाचित हुए हैं, वहीं संगठन सचिव पद पर लोकेश साहू एवं त्रिवेणी साहू ने जीत दर्ज की। मतगणना समाप्त होने के बाद मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक गंगादीन साहू ने परिणाम घोषित किया। चुनाव परिणाम घोषणा के बाद समर्थकों में उल्लास का वातावरण बन गया। विजयी प्रत्याशियों को समाजिक पदाधिकारियों ने बधाई दी। भानुप्रिया साहू औरी के उपाध्याय निर्वाचित होने पर उनके पति वाई के साहू ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष पारखत साहू ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज में बहुत सारी चुनौतियां है। आपने सेवा करने का अवसर दिया है। जिसे सामाजिक नियमावली की पालन करते हुए समाज की एकता, प्रगति और सहयोग की भावना से संगठन को नई दिशा देने का कार्य करेंगे। इस दौरान तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, महासचिव खेमलाल साहू, पुरन लाल साहू, लालेश्वर साहू, अश्वनी साहू, धनराज साहू, कमलेश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, किशोर साहू, मोहन साहू, गरीब दास साहू, किशन हिरवानी आदि मौजूद थे।

## नगर में अभिनव कार्य की हो रही चर्चा

# कबाड़ से जुगाड़ कर बना दिया तेजस युद्धक विमान का मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत पाटन में एक बार फिर रचनात्मकता और नवाचार की मिसाल पेश की गई है नगर के युवा राधे यादव ने कबाड़ सामग्री से एक आकर्षक तेजस युद्ध विमान की प्रतिकृति तैयार की है, जिसे ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया है। यह मॉडल न केवल स्वच्छता के संदेश को सशक्त बना रहा है, बल्कि नगर पाटन को गर्व से सिर ऊँचा करने का अवसर भी दे रहा है। राधे यादव ने बताया कि लगन और मेहनत से जो व्यक्ति कभी असफल नहीं होता है और मैं पूरा लगान और मेहनत से मैंनें अपना मिशन पूरा किया। इसे बनाने में 15 दिन लगा है। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने इस अनोखी पहल की सराहना करते हुए कहा कि राधे यादव की मेहनत और लगन ने पाटन का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। उनका यह नवाचार आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप ने भी इस कार्य की जमकर तारीफ की और बताया कि विगत कार्यकाल में भी राधे यादव ने कबाड़ से रेल इंजन का मॉडल तैयार किया था, जिसे काफी सराहना मिली थी। अब तेजस युद्ध विमान का मॉडल बनाकर उन्होंने एक बार फिर पाटन को गौरवान्वित किया है स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस तरह के प्रयास न केवल सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ा रहे हैं, बल्कि यह भी दिखा रहे हैं कि रचनात्मक सोच से कबाड़ को भी उपयोगी बनाया जा सकता है। पाटन नगर पचायत के सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने भी राधे यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं पर हमें गर्व है जो अपनी कला से पाटन ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं। नगरवासियों ने भी राधे यादव के इस नवाचार की खुलकर तारीफ की और नगर पंचायत को धन्यवाद दिया कि ऐसे प्रतिभावान युवाओं को सच में कबाड़ से जुगाड़ की यह मिसाल पाटन नगर पंचायत के लिए प्रेरणा बन गई है और लोग इसे देखने के लिए जा रहे है।




## अंचल की खबरें

### उतई प्रेस क्लब का गठन, सोनवानी अध्यक्ष बने



**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के नगर पंचायत उतई में प्रेस क्लब उतई का गठन किया गया है। जिसमे सर्वसम्मति से लेखराम सोनवानी को अध्यक्ष बनाया गया। महासचिव नवलकिशोर सिंह, उपाध्यक्ष डोमन साहू, सचिव मुकेश साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम गजपाल, सदस्य सुरेंद्र शर्मा, रोशन बम्भोले, राजेश बंजारे, देवेंद्र पटेल और किशोर साहू बनाए गए। पदाधिकारियों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर से सौजन्य मुलाकात कर प्रेस क्लब की जानकारी दी। इस अवसर पर आभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष लेखराम सोनवानी ने कहा मुझे जो दायित्व दिया गया है, उस पर पूरी ईमानदारी से काम करूंगा तथा संगठन को मजबूत व आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास करूंगा। इस अवसर पर दिवाकर गायकवाड़, रोमशंकर यादव, सरस्वती साहू, सोनू राजपूत, शिवनारायण देशमुख, पप्पू वर्मा, गौरव शर्मा, फत्ते वर्मा, प्रवीण यदु, नर्सिंग बंजारे, हरीश यादव, संगीता रजक, केशव बंटी हरमुख और राजेन्द्र साहू ने बधाई दी है।

### भाजपा की राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुए प्रदेश मंत्री वर्मा



**पाटन।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में 'सरदार@150 एकता मार्च' अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ से भेजे गए पांच सदस्यीय समिति में शामिल भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने हिस्सा लिया और कार्यशाला की विभिन्न विषयगत चर्चाओं में सहभागिता की। कार्यशाला में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा जी, केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने देश भर से पंहुचे भाजपा पदाधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान कर कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। 'एकता मार्च' के माध्यम से देशभर के युवाओं में एकता, अनुशासन, और देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं को सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान के तहत देशभर में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। छत्तीसगढ़ भी इस अभियान में बढ़ चढकर सहभागी बनेगा। भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से सरदार पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में भाजपा का संकल्प और अधिक दृढ़ होगा। सरदार पटेल ने सैकड़ों रियासतों में बिखरे हुए देश को एक सूत्र में पिरोकर वर्तमान स्वरूप प्रदान किया, ऐसे दृढ़ इच्छा शक्ति वाले सशक्त नेता की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके जन-जन को संदेश देना और राष्ट्रीय एकता की भावना को जगाए रखना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में अभियान के प्रदेश संयोजक और प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय पूर्व विधायक, सदस्य जी वेंकटश्वर प्रदेश उपाध्यक्ष, ऋतु चौरसिया प्रदेश मंत्री और अम्बिकेश केसरी पूर्व जिला महामंत्री ने हिस्सा लिया।

### मानसिक जागरुकता पर हुआ व्याख्यान



**बोरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान में सकारात्मक '' मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं जीवन कौशल कार्यक्रम '' के तहत व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रमम की मुख्य अतिथि, मनोविशेषज्ञ एवं परामर्शदात्री डॉ. आभा शशि थीं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी ने ''मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य'' की पूंजी बताते हुए लगातार सुधार करने की बात कही। डॉ. अंजना श्रीवास्तव, डॉ. मंजू तिवारी और डॉ. सुचित्रा शर्मा ने बताया कि मनुष्य किस प्रकार मानसिक स्वास्थ्य एवं सभ्यता से जुड़ता है। मुख्य अतिथि डॉ. आभा शशि ने अपने वक्तव्य में सीखने के चैनल पर बल देते हुए पहचान की तलाश को महत्वपूर्ण बताया। प्रभारी प्राचार्य डॉ अमरनाथ शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य को देश की संपत्ति बताते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ मीना चक्रवर्ती एवं मंच संचालन डॉ. आशुतोष साहू ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. आशा दीवान ,डॉ. हंसराज ठाकुर, सुरेंद्र कुमार मेहर, डॉ. संगीता देवी शर्मा, डॉ मनीषा ठाकुर, डॉ. समीर जायसवाल ,कविता ठाकुर, मोहित कुमार, डॉ भारती साहू ,डॉ. नुसरत जहां ,डॉ. कृष्ण कुमार पटेल, अनुराग पटेल, सुनील देवांगन एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

**दुर्ग।** लोक शिक्षण संचालनालय छग से प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार जिले के समस्त प्राचार्यों की बैठक आहूत की गई। बैठक में संचालक द्वारा दिए गए निर्देशानुसार शिक्षा गुणवत्ता, परख, अपार आईडी एवं यूडीआईएसई प्रविष्टि के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। जिले द्वारा शिक्षा गुणवत्ता के लिए तैयार की गई। कार्ययोजना को साझा करते हुए प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी प्राचार्यों ने कार्ययोजना अनुसार कार्य कर परीक्षा परिणाम को बेहतर करने का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि शिक्षा गुणवत्ता के परिप्रेक्ष्य में किसी भी प्राचार्य एवं शिक्षक की अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता सुधार एवं बेहतर परिणाम के लिए जिले से विभिन्न मॉनिटरिंग दलों का गठन कर नियमित प्रभावी मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

### आयुष विभाग ने शुरू की जागरुकता मुहिम

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना वर्ष पर आयुष विभाग द्वारा 17 अक्टूबर तक 8 दिवसीय विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला चिकित्सालय में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जिला स्तरीय योगाभ्यास किया गया। इसी क्रम में स्कूली बच्चों को औषधीय गार्डन भ्रमण कराया गया। 12 अक्टूबर को गुजराती भवन लुचकी पारा में जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर, 13 को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जिला स्तरीय योगाभ्यास, 14 को चयनित विजेताओं की राज्य स्तरीय योग नृत्य स्पर्धा का आयोजन, 15 को हर दिन हर घर आयुर्वेद विषय पर कालेज, विवि स्तर पर संगोष्ठी कार्यक्रम, 16 अक्टूबर को शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के माता पिता एवं रिश्तेदारों का सियान जतन कार्यक्रम के तहत प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### छठ पर्व के मद्देनज़र तालाबों की हो सफ़ाई : भोजराज

**भिलाई।** आगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए नपानि भिलाई द्वारा शहर के सभी प्रमुख तालाबों की व्यापक सफ़ाई का कार्य प्रारंभ किया जाए। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष भोजराज भोजू ने नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए घाटों की सफ़ाई, समतलीकरण तथा प्रकाश व्यवस्था के कार्यों को शीघ्र और प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जाए। भोजराज भोजू ने कहा कि छठ पर्व आस्था, अनुशासन और स्वच्छता का पर्व है। इसलिए नगर निगम की जिम्मेदारी है कि सभी तालाबों पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले।

### शहर के लगभग सभी वार्डों में अब भी खटालों का अवैध रूप से संचालन

# शहर में बिना वैध अनुमति के चल रहे खटाल इधर गोकुल नगर में शिफ्ट करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शहर में शिवपारा, मठपारा, मोहनगर, आर्य नगर, बोरसी, कादम्बरी नगर, सिकोलाबस्ती, दीपक नगर, कसारीडीह, पद्मनाभपुर जैसे कई इलाके में अवैध तरीके से खटाल चल रहे हैं। इन खटाल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर अब तक खानापूर्ति होते रही है। निगम प्रशासन ने इसके लिए कई बार शहर की जांच कराई। जांच कर रिपोर्टर तैयार की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

अब पुनः खटाल संचालकों को गोकुलनगर शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। विस्थापन के अंतर्गत उन्हें गोकुलनगर में भूखंड दिया जाएगा। इसे लेकर निगम ने निविदा निकाली है। करीब 36 भूखंडों का आवंटन किया जाना है। इसमें 2400,1800, 1500 और 1000 वर्गफुट के भूखंड शामिल हैं। बता दें कि 2014 में गोकुल नगर को बसाया गया। जहां आज भी मूलभूत सुविधाएं नहीं है, जिस वजह से खटाल संचालक जाने से कतराते रहे हैं। एक बार फिर निगम ने खटालों को विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है। बता दें कि वे लोग जिन्हें निगम ने गोकुल नगर में जगह आवंटित की गई है। वे वहां जगह लेने के बाद भी शहर के अंदर में खटाल चला रहे हैं। ऐसे लोगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अलावा जो अवैध तरीके से बिना परमिशन के खटाल चला रहे है, उन्हें लेकर भी गंभीरता नहीं दिखाई गई है। इसकी वजह से शहर में हर समय संक्रामक बीमारी का खतरा बना रहता है। उठती बदबू से आसपास के रहवासी परेशान हैं। उनके द्वारा लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं किया गया है।

### निगम ने 36 भूखंडों के आवंटन की निविदा निकाली



#### निगम ने नहीं दिया लाइसेंस फिर भी हो रहा संचालन

जानकारी के मुताबिक 40 से अधिक डेयरियां बिना लाइसेंस के चल रही हैं। निगम प्रशासन का कहना है कि किसी भी खटाल संचालकों को लाइसेंस नहीं दिया है। खटाल की वजह से किसी को परेशानी न हो इसकी व्यवस्था करें। नजूल या निगम की भूमि में बेजा कब्जा करने वाले खटाल संचालकों की संख्या ज्यादा है। स्कूल, हॉस्पिटल एवं घनी बस्ती के आसपास भी खटाल संचालित हो रहे हैं।बस्ती के भीतर खटाल चलाने वालों के खिलाफ कई बार शिकायत हो चुकी है। जनदर्शन में भी शिकायत हुई है। इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। बड़ी संख्या में खटाल चल रहे हैं।

#### संचालकों को निगम के नोटिस का असर नहीं

बता दें कि निगम ने पिछले दिनों खटाल संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया था। इस दौरान नोटिस भी जारी किया गया, बावजूद इसके खटालों का संचालन हो रहा है। सार्वजनिक जगहों पर मवेशियों को बंधे आसानी से देखा जा रहा है। निगम चाह कर भी उन्हें अब तक नहीं हटा पाया है। उन्हें विस्थापित करने के लिए पुनः प्रयास शुरू किया गया है, लेकिन समस्या तस के तस बनी हुई है। शहर के लगभग सभी वार्डों में खटाल की समस्या है। स्थानीय पार्षदों द्वारा इसे लेकर शिकायत भी की जा रही है। बावजूद निगम प्रशासन ने अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया है।

#### खटालों से निकलने वाली गंदगी नालियों में फेंकी जा रही

बता दें कि शहर में संचालित अधिकांश खटालों से निकलने वाली गंदगी को नालियों में बहाया जा रहा है। ऐसी लापरवाही महापौर अल्का बाघमार ने स्वयं पकड़ी। उन्होंने जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए। बावजूद इसके यह समस्या बनी हुई है। पिछले दिनों निगम ने खटाल संचालकों की बैठक ली। उन्हें गोकुल नगर शिफ्ट किए जाने और भूखंड आवंटन को लेकर जानकारी दी। टेंडर प्रक्रिया की गई। आवेदन मंगाए गए। 10 अक्टूबर तक आवेदन जमा लिए गए हैं। इस दौरान 36 भूखंडों का आवंटन किया जाना है। लंबे समय से ये भूखंड खाली हैं। पहले भी इन भूखंडों की नीलामी प्रक्रिया की गई, लेकिन संचालकों ने रूचि नहीं दिखाई। एक बार फिर निगम ने इसे लेकर खटाल संचालकों को विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है।

# युवा कांग्रेस ने फूंका गृहमंत्री का पुतला पुलिस के साथ हुई झूमाझपटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

कवर्धा में प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल टिकरिया द्वारा अपने समर्थकों से युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों के साथ की गई अभद्रता एवं मारपीट की घटना का दुर्ग युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध किया है। शहर अध्यक्ष आयुष शर्मा एवं दुर्ग ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयंत देशमुख के संयुक्त नेतृत्व में महाराजा चौक में प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था बावजूद इसके, युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण लेकिन प्रखर विरोध दर्ज कराया।

कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि यह घटना छत्तीसगढ़ के लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक सीधा हमला है। युवा कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने में लगी है। विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है। युवा कांग्रेसियों ने कहा कवर्धा में शांतिपूर्ण विरोध कर रहे युवा कांग्रेसियों और पत्रकारों के साथ की गई मारपीट यह साबित करती है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र नहीं बल्कि डर का माहौल बनाना चाहती है।



उन्होंने मांग की कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह से लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन न कर सके। इस अवसर पर अनूप वर्मा, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, वरुण केवलतानी, पंकज सिंह, विकास साहू, रामा वर्मा, दीपांकर साहू, अमोल जैन, यश बाकलीवाल, विक्रांत वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# चरोदा निगम के मंगल भवनों का होगा ठेका, अवैध कॉलोनियां होंगी नियमित

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में महापौर परिषद की बैठक हुई। जिसमें सभी अवैध कालोनियों को नियमित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में 17 बिनंदुओ पर चर्चा की गई। जिसमें निगम द्वारा निर्मित मुख्यमंत्री पालिका बाजार की दुकानों को नीलामी की प्रक्रियॉ कुछ दिनों पूर्व की गई। नीलामी में उच्चतम बोलो दाता द्वारा लगाई गई बोली राशि की स्वीकृति करने महापौर परिषद के समक्ष रखा गया। विश्व बैंक आवासीय कालोनी सेक्टर 3 के विगत दिनो नीलाम किये गये भूखंडो की दर (राशि) स्वीकृति भी बैठक में की गई। महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि वाल्मिकी आवास ,अम्बेडकर आवास,बजरंग पारा में स्थित आवास के आबंटन के लिए प्राप्त आवेदनों पर आरक्षण नियम



का पालन करते हुए कार्यवाही किये जाने की स्वीकृति भी एमआईसी द्वारा प्रदान की गई। भिलाई चरोदा निगम महापौर परिषद द्वारा बैठक में मंगल भवन मंगल भिलाई तीन, मंगल भवन चरोदा अम्बेडकर भवन भिलाई 3 समेत एक अन्य सामुदायिक मंगल भवन को ठेका पद्धति से संचालित किये जाने ओपन टेंडर होगा। बैठक में उक्त बिंदुओं के अलावा निगम क्षेत्र के विभिन्न आवासीय व्यवसायिक आवास सह व्यवसायिक भूखंडो जैसे विश्व बैंक कालोनी, बजरंग पारा भिलाई तीन, निहारिका परिसर ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज के रिक्त भूखंडो को वर्तमान गाईड लाइन दर अनुसार विक्रिय करने का निर्णय पारित किया गया है। बैठक में महापौर निर्मल कोसरे, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, मनोज कुमार, एम जानी, एस वेंकट रमना, दीप्ती वर्मा , देव कुमारी भलावी, संतोषी निषाद व निगम आयुक्त डीएस राजपूत, सचिव अश्वनी चन्द्राकर, रवि सिन्हा आदि मौजूद थे।

### सक्रियता और संवेदनशीलता ही विधिक सहायता की सफलता का आधार

**दुर्ग।** पैरालीगल वॉलेंटियर्स की बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा पैरालीगल वॉलेंटियर्स को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे नालसा आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सेवाएं योजना 2010, नालसा तस्करी एवं वाणिजिक यौन शोषण के संबंध में विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए योजना 2015, नालसा मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 आदि के लिए प्रेरित किया।

### भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प पूर्ण करने में जनमानस की भूमिका अहम : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंग देव शनिवार को दुर्ग जिले के प्रवास पर थे। उन्होंने बी जे पी



■ भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से अग्रसर है। हाल के ऐतिहासिक जीएसटी क्रांति और उससे पहले आयकर की दरों में ऐतिहासिक छूट देकर, सभी तरह के कर कानूनों का सरलीकरण कर विकसित भारत की राह को प्रशस्त किया है। यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से प्रारम्भ हुआ है। 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी की जयंती तक यह चलेगा। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1941 करोड़ रूपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 23622 करोड़ रुपए हो गया है। आज हमारे देश ने विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट अप इको सिस्टम के रूप में स्थापित कर लिया है। 17 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। लोगों में जीएसटी 2.0 और स्वदेशी उत्पादों को लेकर विशेष उत्साह है। वर्तमान में भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। छत्तीसगढ़ की जीएसडीपी भी पांच वर्ष में दुगना कर उसे 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य लेकर हम कार्या कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व केबीनेट मंत्री रमशीला साहू, प्रदेश प्रवक्ता केएस चौहन, जिला संयोजक दिलीप साहू, विजय जायसवाल, राजा महोबिया उपस्थित रहे।

# दुर्ग-ब्रह्मपुर ट्रेन की मांग का मुद्दा सीएम साय के सामने उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग से ब्रह्मपुर तक नई ट्रेन चलाने की मांग को लेकर आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष के उमाशंकर राव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर गौर करते हुए एक पत्र के माध्यम से केंद्र सरकार के सामने उनकी समस्याओं को रखने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में सलाहकार वी सूर्यनारायण, कार्यसमिति के सदस्य के आनंद राव, डी शंकरराव और के जानकी रामय्या शामिल थे। उमाशंकर राव ने कहा कि ब्रह्मपुर से उधना अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन स्वागत योग्य कदम है, लेकिन इससे दुर्ग-भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याएं खत्म नहीं



होतीं। हफ्ते में एक दिन चलने तथा पावर हाउस में स्टॉपेज न होने से आंध्र-उत्कल वासियों को इस ट्रेन से विशेष लाभ होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि दुर्ग से ब्रह्मपुर एक दैनिक ट्रेन चले, ताकि यहां के निवासियों को सफर में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि यहां पिछले छह दशकों से बड़ी तादाद में बसने वालों की वाजिब मांग को रेल प्रशासन अनदेखा कर रहा है। जिसके कारण दुर्ग से ब्रह्मपुर की यात्रा कष्टदायक हो रही है।

# साव बोले- आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की भी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान वोकल फॉर लोकल को लेकर आज देश में जो वातावरण बना है, यह बताता है कि आमजन इस अभियान से स्वस्फूर्त जुड़कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की भी अपनी अहम भूमिका है। छत्तीसगढ़ की परंपरागत कला-संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्थापित करने की दिशा में हम काम कर रहे हैं। इनमें बस्तर की लोक कला, जशपुर की कॉफी, महिला स्व-सहायता समूह के हर्बल उत्पादों को राष्ट्रीय




बाजार तक पहुंचाने का काम हो रहा है। बस्तर आर्ट, डोकरा, टेराकोटा भारत की सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर उभरे और जैविक और प्राकृतिक खेती से किसान आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं। श्री साव ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, भाजपा पूरे देश में स्वदेशी अपनाने के आग्रह के साथ एक व्यापक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर पंडित दीनदयाल जयंती से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चला रही है। इस अभियान के कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं।

### केंद्रीय पर्यवेक्षक ने की वन-टू-वन मुलाकात

**संगठन की मजबूती कार्यकर्ता के एकजुट प्रयास से ही संभव**

# विधानसभावार ब्लॉक पदाधिकारियों से चर्चा, समर्थकों के साथ पहुंचे दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

संगठन सृजन अभियान के तहत शनिवार को विधानसभा वार ब्लॉक पदाधिकारियों के साथ मंथन कार्यक्रम आयोजित किए गए। रायपुर पश्चिम विधानसभा के भीमसेन भवन में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक और रायपुर उत्तर विधानसभा के दया भवन में दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक बैठक हुई। दोनों ही स्थानों पर कार्यकर्ताओं और दावेदारों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

रायपुर पश्चिम एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्रों से आए ब्लॉक पदाधिकारी और दावेदार अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व सक्रियता का प्रदर्शन किया। हर बैठक में कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में



उपस्थिति रही। दावेदारों ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन सृजन अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त किया और संगठन को मजबूत करने के संकल्प दोहराए। इस दौरान प्रतिमा चंद्राकर, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

#### केंद्रीय पर्यवेक्षक ने की वन टू वन चर्चा, हर राय को दिया महत्व

कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे ने दिनभर सभी पदाधिकारियों, दावेदारों और कार्यकर्ताओं से एक-एक कर मुलाकात की। उन्होंने सभी की राय, सुझाव और अनुभवों को सुना तथा कहा, हम केवल माध्यम हैं, संगठन की दिशा और निर्णय कार्यकर्ता तय करेगा। कांग्रेस की आत्मा उसका कार्यकर्ता है। उन्होंने आगे कहा, संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य लोकतांत्रिक भागीदारी के माध्यम से एक सशक्त, पारदर्शी और सक्रिय संगठन का निर्माण करना है।

#### कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल

संगठन सृजन के छत्तीसगढ़ की ओर से सह प्रभारी पूर्व विधायक शैलेश पांडे पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने जानकारी दी।

SIDDHIVINAYAK सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## रेलवे पोर्टर्स मजदूरों का रेल प्रबंधन को ज्ञापन

**रायपुर।** रेलवे लायसेंसी पोर्टर्स मजदूर सहकारी संस्था द्वारा रेल्वे में निजी बैटरी कार परिचालन को लेकर काफी नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा तथा दिप्तेश चटर्जी के नेतृत्व में 10 अक्टूबर को मंडल रेल प्रबंधक दयानंद को ज्ञापन सौपा गया। साथ ही मांग की गई कि निविदा में लगेज नहीं ढोने तथा भविष्य में कभी भी संशोधित कर नहीं बदला जाए तथा ऐसा करने पर कार्यवाही की मांगी की गई।

## दीपावली पर्व पर भंडारा उपहार सामग्री वितरण

**रायपुर।** राजधानी के वीआईपी रोड स्थित आशाराम बापू आश्रम की ओर से जरूरतमंद की सेवा के लिए 2 स्थलों पर भंडारा वितरण कार्यक्रम आयोजित है। पहला भंडारा 12 अक्टूबर ग्राम कोरर, जिला कांकेर में आयोजित होगा। इसमें आदिवासी परिवारों को आवश्यक वस्तुएं वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे किया जाएगा। दूसरा भंडारा 18 अक्टूबर को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित लवकुश वाटिका में होगा। इस मौके पर गरीब व जरूरतमंदों को उपहार सामग्री प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

## नरेंद्र सिंह के स्मृति में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

**रायपुर।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ संस्था के द्वारा राज्यभर के विभिन्न जिलों में शिक्षकों तथा अन्य क्षेत्रों में कार्यरत शासकीय कर्मचारियों तथा पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस दौरान महासमुंद, राजनांदगांव, कोंडागांव, सारंगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर आदि विभिन्न जिलों के उत्कृष्ट व्यक्तियों को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल एवं संस्था के अध्यक्ष मीना भारद्वाज ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. निधि चंद्राकर, डॉ. राजेंद्र पाटकर, नारायण पांडे, मोहित शर्मा उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम :** नगपुरा सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

# सभी को समाज हित में कार्य करना चाहिए : ताम्रध्वज साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा में जय मां कर्मा मांगलिक सामुदायिक परिक्षेत्रीय भवन का लोकार्पण सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री छ.ग. शासन व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहु संघ, अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री म.प्र. शासन जागेश्वर,पूर्व मंत्री रमशीला साहू साहू,पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, सभापति जिला पंचायत, दुर्ग सुश्री प्रिया साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत कुलेश्वरी देवांगन, जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू,पूर्व सभापति लक्ष्मी साहू, सरपंच सरोज भूपेन्द्र रिगरी, अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,सलाहकार डॉ. टीकम साहू, प्यारे लाल साहु दिव्या साहू, टी. आर. साहू, संरक्षक सुबरव लाल साहू उपस्थित थे।

इस दौरान ताम्रध्वज साहू ने कहा कि हम सभी को समाज हित में कार्य करना चाहिए।




मेरे कार्य काल में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में साहू समाज सभी परिक्षेत्र में भवन निर्माण स्वीकृति हुआ था जिसका आज लोकार्पण हुआ। आगे कहा की समाज में हर व्यक्ति को संगठित होना चाहिए, जिससे समाज की एकजुटता बढ़ेगी और समाज को एक नई ऊर्जा मिलेगी। साहू समाज एक संगठित व मजबूत समाज है तथा सामाजिक कार्यो में समाज की भूमिका सदैव प्रशंसनीय व अनुकरणीय रही है। आगे कहा सामाजिक कुरीतियों और शादी ब्याह में की जाने वाली फिजूलखर्ची का खुले मंच से विरोध करते हुए इस पर रोक लगाने की बात कही। श्री साहू ने कहा कि विचार बड़ा होना चाहिए, संख्या बड़ा होने से कोई महान नहीं होता। सामाजिक समरसता हमारा मूल होना चाहिए, दूसरे समाज से हमारे रिश्ते कैसे है यह बड़ी बात है। समाज में अनुशासन बहुत जरूरी है, अनुशासन भंग होती है तो विकृति पैदा होती है। हमें साथ मिलकर अनुशासन का पालन करना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने भी सामाजिक बुराई को समाप्त करने की बात कही सामाजिक समरसता के लिए जरूरी है कि हम हर अच्छे चीजो को सीखें और ईर्ष्या से दूर रहें। समाज के रूढ़िवादी परम्परा और कुरीतियों को त्याग कर आगे बढ़ें।इस अवसर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भेखाराम साहू, रामकली साहू,सतोष कुमार साहू,डॉ. श्रवण कुमार साहू दुकालूराम साहू,खिलेन्द्र साहू डॉ. लोमस पुरुषोत्तम साहू,ताम्रध्वज साहू, भूषण साह, त्रिलोक लाल साहू यमुना साहू, शशि साहू,पचराम साहू, खिलेन्द्र साहू डॉ. मधुर साहू,जगदेव साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, बोहर साहू भानु प्रकाश साहू, राकेश कुमार भगवानी साहू चन्दन साहू होरिलाल साहूपरिक्षेत्र साहू संघ नगपुरा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जिला राइस मिल एसोसिएशन की अध्यक्ष बने विजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला राइस मिल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें विजय मिश्रा को जिलाध्यक्ष और राकेश नाहटा को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त कार्यकारिणी में मोहन भाई पटेल, अश्वनी चंद्राकर, दीपचंद सांखला, मनोहर नाहटा और सुनील बरडीया को एसोसिएशन का संरक्षक बनाया गया है। कलेक्टर दिव्या से मिले पदाधिकारी। विशेष आमंत्रित सदस्यों में रोशन साहू, दीपक उपाध्याय, खेम किरी, प्रियांक वैष्णव, ताराचंद सांखला, नरेन्द्र दीक्षित, विजय बेंगानी शामिल किए गए है। उपाध्यक्ष सुभाष नाहटा, संजय बाफना, अंकित लाट और दिलीप पटेल को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी विजय राठी, को दिया गया है। वही निलेश नाहटा और आयुष चांडक अजित खंडेलवाल को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मयंक खंडेलवाल गुण्डरदेही, उमेद साहू पुरूर, विक्रम राणा पुरूर, सागर सांखला बालोद, आशीष साहू बालोद, मुकेश भंसाली बालोद और अनवर तिगाला बालोद को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

एफसीआई प्रभारी के रूप में चन्द्रेश नाहटा बालोद, हर्षित जैन लोहारा और अनिल बाफना बालोद को जिम्मेदारी दी गई है। नवगठित टीम ने कहा कि संगठन का उद्देश्य मिलर्स की समस्याओं का समाधान, शासन के साथ बेहतर तालमेल और जिले में धान खरीदी प्रक्रिया को पारदशएँ व प्रभावी बनाना रहेगा। नई टीम के गठन के बाद पदाधिकारियों ने कलेक्टर दिव्या मिश्रा से मुलाकात की और आगामी धान खरीदी महोत्सव में शासन–प्रशासन के साथ मिलकर समन्वयपूर्ण ढंग से काम करने का भरोसा दिलाया।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अंतर्गत हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

**स्कूल के सामाजिक अंकेक्षण में पालक भी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण का कार्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में सम्पन्न हुआ।

सामाजिक अंकेक्षण के टीम में मुख्य अंकेक्षक प्रभारी प्राचार्य शाउमावि राहुद महेश कुमार साहू थे। सहायक अंकेक्षक अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति कृष्ण कुमार साहू, सरपंच भाठागांव आर रुपेश्वर कुमार यादव, शिक्षाविद् रोमन सिंह साहू एवं परमानन्द साहू पालक सदस्य उपस्थित रहे।

अंकेक्षक टीम ने कक्षा नवमी से बारहवीं तक के सभी कक्षाओं में



जा कर रुब्रिक्स में दिए गए प्रश्नों के आधार पर छात्र छात्रओं से प्रश्न किये जिसमे बाल केंद्रित, शिक्षा केंद्रित और संसाधन केंद्रित प्रश्न थे प्रत्येक प्रश्न में एक से लेकर पांच तक का अंक था सभी प्रकार की जानकारी लेने के बाद सभी उत्तरो के अंकों का योग कर औसत निकाल कर ग्रेडिंग की जानकारी शासन को भेजा गया। अंकेक्षण में टीम के साथ पालक गण सहित समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित थे।

# जिपं अध्यक्ष तारणी ने राशन दुकान का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम पंचायत भरएँटोला के आश्रित ग्राम जुनवानी में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने नए शासकीय उचित मूल्य की दुकान (राशन की दुकान) का शुभारंभ किया, जिससे स्थानीय नागरिकों को अब अपने ही गाँव में राशन मिल सकेगा और उनकी राशन संबंधी परेशानियां कम होंगी।

इस तरह की दुकानें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत रियायती दरों पर खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध कराती हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि नई दुकान का शुभारंभ गांव की जनता को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए किया गया है। इससे लोगों को दूर की दुकान तक राशन लेने नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने निकटतम स्थान में ही राशन की सुविधा मिल जाएगी। यह



शासकीय उचित मूल्य की दुकान हमारे सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली का हिस्सा है। इससे रियायती दरों पर खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

इस दौरान कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मिथलेश नूरेटी, जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस, जनपद सदस्य आशा आर्य, राजकुमारी देहारी सरपंच ग्राम पंचायत भरएँटोला, उपसरपंच नूतन कोठारी, भाजयुमो नेता पोषण धनकर सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# राकेश बने हल्बा समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष

**बालोद।** अखिल भारतीय हल्बा समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष राकेश भेड़िया बने। अखिल भारतीय हलबा समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील शाखा बालोद का चुनाव हलबा समाज केंद्रीय भवन बालोद में संपन्न हुआ। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से राकेश भेड़िया को तहसील अध्यक्ष के रुप मे चुना गया। बैठक में टिकेश्वर ठाकुर को उपाध्यक्ष, राजेश भंडारी को सचिव, कामदेव मानकर



को कोषाध्यक्ष, लाल रघुवीर सिंह ठाकुर कार्यालय सचिव बनाया गया तथा एलआर मानकर, राजेश कुमार पिसदा, आरआर ठाकुर, एलके.नायक को केंद्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया गया एवं कार्यकारिणी सदस्य बिहार खरे, महेश पिस्दा, टोमन भुआर्य, एचएल.चुरेन्द्र, धीराज कस्तूरे, अमर भुआर्य, राजूभुआर्य, एमनसिह ठाकुर, आरआर.ठाकुर, धरम भुआर्य, बंधु ठाकुर, अजीत उर्वसा को नियुक्त किया गया। उक्त चुनाव समिति के पर्यवेक्षक तिलक मानकर संतोष घराना दल्ली राजहरा से उपस्थित रहे। मुख्य रूप से डॉक्टर देवेंद्र माहला हलबा समाज केंद्रीय अध्यक्ष एच.एल मानकर जिला अध्यक्ष हलबा समाज, अश्वनी नायक अंकेक्षक केंद्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष अध्यक्ष राकेश भेड़िया ने कहा कि हलवा समाज की प्रगति एवं समाज के युवा पीढ़ी को रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करते हुए हलबा समाज को शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

# गौ विज्ञान परीक्षा से जागेगा गाय के प्रति जनचेतना : योगेश्वर यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गाय विज्ञान है। गाय चलता फिरता चिकित्सालय है। गाय अर्थशास्त्र है। गाय के पंचगव्य मानव व धरा को पुष्ट करने का बड़ा माध्यम है। एक गाय ग्राम से लेकर राष्ट्र के वातावरण को प्रभावित करती है। गाय है तो मानव सभ्यता है। हमारे कण कण मे गौ के गव्यो का प्रभाव है। गाय मानव जीवन के लिए जरूरी है लेकिन दुर्भाग्य से अब गाय घरो से निकाली जा रही है। इसका कारण गाय की उपयोग्यता के प्रति आम मानस मे जानकारी का अभाव है। इसी जानकारी को पुनः जन जन तक पहुंचाने के लिए गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित की जा रही है। उक्त बाते गौ सेवा गतिविधि जिला संयोजक योगेश्वर यादव ने यहां एक भेंट के दौरान कही। योगेश्वर यादव ने कहा वर्तमान मे गौ विज्ञान परीक्षा के लिए विद्यालयो एवं परीक्षार्थीयो का पंजीयन चल रहा है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है।

योगेश्वर यादव ने बताया गौ विज्ञान परीक्षा तीन चरणो में होगा। प्रथम चरण विद्यालय स्तर पर, द्वितीय चरण जिला स्तर पर एवं प्रदेश स्तर पर तृतीय चरण होगा। विद्यालय व महाविद्यालय स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त प्रतिभागी को सम्मानित किया जाएगा एवं जिला स्तरीय परीक्षा के लिए पात्र होंगे। जिला स्तर पर प्रथम रहने वाले परीक्षार्थी को 3100 रूपये, द्वितीय को 2100 रूपये एवं तृतीय को 1100 रूपये नगद व गौ किट प्रदान किया जाएगा। प्रदेशभर मे प्रत्येक जिला के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रदेश स्तरीय परीक्षा के लिए पात्र होंगे। योगे"वर यादव ने बताया प्रदेश स्तर पर विजेता को 51,000 इंकावन हजार रूपये व गौ उत्पाद किट प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 31000 रूपये एवं तृतीय को 11,000 रूपये प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को गौ विज्ञान ग्रंथ एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। परीक्षा तीन श्रेणी में पूर्ण होगी। ए वर्ग 6वीं से 8वीं के बच्चो के लिए, बी वर्ग 9वीं से 12 वीं के छात्र के लिए सी वर्ग महाविद्यालय स्तर के लिए होगा।



- **तीन चरणों में गौ विज्ञान परीक्षा, विजेताओं को नगद पुरस्कार व गौ उत्पाद किट**

योगेश्वर यादव ने चर्चा मे कहा कि गाय मानव जीवन के लिए क्यो जरूरी है। इसका उत्तर गौ विज्ञान ग्रंथ से मिलेगा। जैसा कि परीक्षा गौ विज्ञान परीक्षा के नाम से ही स्पष्ट है कि गौ विज्ञान है। गौ से प्राप्त पांच गव्य मानव जीवन को स्वास्थ एवं पुष्ट बनाते है। ये पांचो गव्य दुग्ध, दही, घी, मूत्र एवं गोमय दिव्य औशधीयां है। इसका विभिन्न प्रकार के उपयोग से मानव स्वयं को स्वस्थ व पुष्ट रख सकता है।

योगेश्वर यादव ने कहा आज गौ माता घरो से निकाली जा रही है। गौ माता सड़को मे बिना आश्रय के घूम रही है। इसको विभिन्न कारणो मे से महत्वपूर्ण कारण गाय के गव्यो से प्राप्त दिव्य औशधियो के प्रति लोगो में जानकारी का अभाव बड़ा कारण है। हम परीक्षा के माध्यम से बाल मन व समाज को पंच गव्य के दिव्य गुणो को पहुंचाने का प्रयास कर रहे है। योगेश्वर यादव ने बताया कि जिले के सभी विद्यालयो इस संबंध में जानकारी भेजी जा चूकी है। जो छात्र इसमे सम्मिलित होना चाहते है। वे अपने विद्यालय के संस्था प्रमुख से चर्चा कर अपना पंजीयन करा सकते है। यह परीक्षा छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित की जा रही है।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनाने विधानसभा के पूर्व प्रत्याशियों का समर्थकों पर दबाव

**रायपुर।** कांग्रेस जिला अध्यक्षों के नामों के मंथन में ब्लॉक में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के बीच मंथन का दौर जारी है, इस बीच यह जानकारी निकलकर सामने आ रही है कि विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों पर उनकी पसंद के लोगों के नाम लेने का दबाव है। यहां पर आ रही भीड़ उनके समर्थक ही ज्यादा आ रहे हैं। बताया जाता है जिस तरह का माहौल है उनमें कार्यकर्ता यहां वहां घूम रहे हैं। ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए जो नाम सामने आए हैं। यहां पर ओबीसी वर्ग से नाम आगे बढ़ाने की रणनीति के बीच इसी वर्ग के लोगों की दावेदारी ज्यादा देखने को मिल रही है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**गर्भावस्था से दो वर्ष तक का समय बच्चे के स्वस्थ भविष्य की नींव**

# "स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत मनाया जा रहा राष्ट्रीय पोषण माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 8 वे राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन जिला दुर्ग के समस्त 1548 आंगनबाड़ी केंद्रों में 17 तारीख से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है आयोजन का उद्देश्य सभी लोगों में पोषण संबंधित व्यवहार में परिवर्तन लाना है। अजय कुमार साहू जिला महिला बाल विकास अधिकारी जिला दुर्ग ने कुपोषण मुक्ति हेतु चयनित ग्राम पंचायत परोड़ा परियोजना धमधा में दिनांक 7 अक्टूबर 2025 को आयोजित पोषण जागरूकता कार्यक्रम में बताया कि हमारे घरों में खाने पीने की कमी नहीं होती है। परंतु उनका सही तरीके से खाना बनाने या खाने के तरीके की पर्याप्त जानकारी नहीं होने के कारण शरीर में पोषक तत्वों की कमी होती जाती है। यदि हम खाने के सही तरीके या व्यवहार को समझते हैं तो बहुत सी बीमारियां या शरीर में होने वाली खून की कमी को समय रहते ठीक कर सकते हैं। मां जब गर्भ से रहती है तो उसके शरीर को पर्याप्त पोषण की आवश्यकता होती है। इसी समय माता को उल्टी या खाने की इच्छा नहीं होती है तो शरीर को पर्याप्त भोजन नही मिल पाता है। जबकि हम प्रतिदिन खाना खाते हैं तो शरीर

- **खून की कमी बच्चे के विकास में बाधक है**



में इसका पाचन होने के बाद ही रक्त का निर्माण होता है और यही रक्त माता के शरीर से बच्चे के शरीर में जाता है। यदि मां के शरीर में खून की कमी होती है तो स्वाभाविक रूप से बच्चों के शरीर में भी खून की कमी हो जाती है। यदि मां के शरीर में खून की कमी है तो बच्चा कमजोर ही पैदा होगा और यदि बच्चा एक बार कमजोर पैदा हुआ तो उसको ताउम्र कई प्रकार की बीमारी या शरीर अस्वस्थता बनी ही रहती है। वजन के माध्यम से 6 साल के भीतर के बच्चों का वजन लेकर उसके दिमाग बनने को समझ सकते हैं यदि बच्चे का वजन अच्छा है तो उसका दिमाग भी अच्छा बनेगा और दिमाग जब अच्छा बनेगा तो पढ़ने लिखने, श्रम करने में सक्षम होगा और जो बच्चा मां के पेट में ही कमजोर रहता है उसकी शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर ही रहता है ।गर्भावस्था से बच्चों के 2 साल तक 1000 दिन बहुत महत्वपूर्ण होता है इस अवधि में यदि पूरा परिवार गर्भवती व बच्चे के पोषण पर ध्यान देता है तो वह परिवार हमेशा सुखी ही रहता है। पोषण खजानी, भाजियों और रेडी टू इट का नियमित प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। गृहभेट के दौरान कल्पलता चैलेक, पर्यवेक्षक कलिंद्री उमरे एवं लोकेश्वरी कार्यकर्ता और गर्भवती महिलाएं नंदनी ,चेतना ,उर्मिला ,उषा ,केशर , खेमिन ,हेमिन , डोमेश्वरी ,त्रिवेणी , तारणी उपस्थित रही है ।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:–9165 411411